# समाजशास्त्र / SOCIOLOGY

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| निर्धारित समय : तीन घंटे<br>Time Allowed : **Three Hours** | अधिकतम अंक : **250**<br>Maximum Marks : **250** |
|---|---|

## प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित के समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य से संक्षिप्त उत्तर लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हों :**

**Write short answers with a sociological perspective on the following, in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) भारतीय समाज को समझने में एम.एन. श्रीनिवास के द्वारा इस्तेमाल किए गए संरचनात्मक एवं प्रकार्यात्मक परिप्रेक्ष्य की एक समालोचना लिखिए ।

Write a critique of the structural and functional perspective used by M.N. Srinivas in the understanding of Indian society. *10*

(b) वर्तमान समय में अंतर्जातीय संबंधों में 'सोपान' के सिद्धांत या 'विभेद' के सिद्धांत में से कौनसा अधिक महत्त्वपूर्ण है ?

Which is more significant, the principle of 'hierarchy' or the principle of 'difference', in intercaste relations in the present day ? *10*

(c) भारत में इस्लाम का जिस प्रकार आचरण किया जाता है, उसके सुस्पष्ट अभिलक्षण क्या हैं, और समय के साथ उनमें किस प्रकार परिवर्तन आया है ?

What are the distinct features of Islam as practised in India, and how have they changed over time ? *10*

(d) अस्पृश्यता के विरुद्ध संघर्ष, गाँधीवादी से अंबेडकरवादी स्थितियों तक, अपने रूपों एवं परिप्रेक्ष्यों में किस प्रकार परिवर्तित हुए हैं ?

How have the struggles against untouchability changed their forms and perspectives from Gandhian to Ambedkarite positions ? *10*

(e) 'उत्पादन के परिवर्तनशील साधन और बढ़ी हुई ग्रामीण ग़रीबी' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

Write a short note on 'changing means of production and increased rural poverty.' *10*

**Q2.** (a) भारत में औपनिवेशिक शासन के दौरान सामाजिक-धार्मिक आंदोलनों के मुख्य उद्देश्य हिन्दू धर्म का सुधार करना और उसका संश्लेषीकरण थे । ऐसे किन्हीं दो महत्त्वपूर्ण आंदोलनों पर लिखिए ।

The main objectives of socio-religious movements during the colonial rule in India were reforming and synthesizing Hinduism. Write on any two such important movements. *20*

(b) भारतीय परंपरा के आधुनिकीकरण पर योगेन्द्र सिंह के शोध-प्रबंध पर चर्चा कीजिए, और वर्तमान समय के संदर्भ में उसकी अनुप्रयोज्यता का मूल्यांकन कीजिए ।

Discuss Yogendra Singh's thesis on Modernisation of Indian Tradition, and evaluate its applicability in the present day context. *20*

(c) स्वतंत्रता प्राप्ति से अब तक, जाति व्यवस्था के सांस्कृतिक और संरचनात्मक पहलुओं में क्या-क्या परिवर्तन आए हैं ?

What are the changes in the cultural and structural aspects of the caste system since independence ? *10*

**Q3.** (a) ऋणग्रस्तता किसानों को आत्महत्या तक पहुँचाने वाले चिंताजनक मुद्दों में से एक है । कारणों पर चर्चा कीजिए और समाधानों को सुझाइए ।

Indebtedness is one of the serious issues leading to farmers' suicides. Discuss reasons and suggest solutions. *20*

(b) 'घर' और 'परिवार' के बीच विभेद को सुस्पष्ट कीजिए और मूल्यांकन कीजिए कि संयुक्त परिवार पूर्णत: विघटित हो गए हैं अथवा नहीं ।

Clarify the distinction between 'household' and 'family' and evaluate whether joint families have completely disintegrated. *20*

(c) उत्तर भारतीय नातेदारी व्यवस्था की दक्षिण भारतीय नातेदारी व्यवस्था के साथ तुलना कीजिए ।

Compare the North Indian Kinship System with the South Indian Kinship System. *10*

**Q4.** (a) विशिष्ट प्रदेशों से उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, 'प्रमुख जाति' और 'वोट बैंक' की संकल्पनाओं को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the concepts of 'dominant caste' and 'vote bank', giving examples from specific regions. *20*

(b) जनजातीय समुदायों में धर्म परिवर्तन की प्रकृति क्या है ? औपनिवेशिक समय और स्वातंत्र्योत्तर समय से दो उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए ।

What is the nature of religious change among tribal communities ? Illustrate with two examples from colonial and post independence times. *20*

(c) शहरी गंदी बस्ती में रह रहे दलित ग़रीब परिवार की मुख्य समस्याओं की, ग्रामीण परिवेश में रह रहे समान प्रकार के परिवार की समस्याओं के साथ तुलना कीजिए ।

Compare the pressing problems of a dalit poor family living in an urban slum with a similar type of family living in a rural setting. *10*

खण्ड B

**SECTION B**

**Q5.** **निम्नलिखित के समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य से संक्षिप्त उत्तर लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हों :**

**Write short answers with a sociological perspective on the following, in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा में वृद्धि के क्या कारण हैं ?

What are the reasons for the escalation of violence against women in the public domain ? *10*

(b) भारत में शिक्षा और समता पर एक टिप्पणी लिखिए ।

Write a note on Education and Equality in India. *10*

(c) "नवोन्नत वर्ग" (क्रीमी लेयर) से संबंधित समस्याओं का विवरण दीजिए ।

Give an account of the problems relating to the "creamy layer". *10*

(d) क्या आप सहमत हैं कि बाल श्रम का मुद्दा अनौपचारिक क्षेत्रक के संबंध में और उसके आगे भी प्रश्नों को जन्म देता है ? कारण बताइए ।

Do you agree that the issue of child labour raises questions about and beyond the informal sector ? Give reasons. *10*

(e) महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य पर उभरते हुए सरोकार क्या हैं ?

What are the emerging concerns on women's reproductive health ? *10*

**Q6.** (a) विकास प्रेरित असंतुलनों के कुछ ऐसे असाधारण मुद्दों, जिन पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है, पर चर्चा कीजिए ।

Discuss some of the striking issues of development induced imbalances that need urgent attention. *20*

(b) भारत में विरासत पर्यटन के शहरी सामाजिक-स्थानिक प्रारूपों पर प्रभाव का परीक्षण कीजिए ।

Examine the impact of heritage tourism on urban socio-spatial patterns in India. *20*

(c) पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और गुजरात के 'डेमारू' राज्यों में निम्न स्त्री-पुरुष अनुपात के क्या-क्या कारण और हल हैं ?

What are the causes and solutions for the low female sex-ratio in the DEMARU States of Punjab, Haryana, Himachal and Gujarat ? *10*

Q7. (a) महिलाओं के आंदोलन के और महिला सशक्तिकरण की राजकीय नीति से अभिलाभों के बावजूद स्त्री-पुरुष समानता उपलब्धि से बहुत दूर है । ऐसी दो प्रमुख चुनौतियों की पहचान कीजिए, जो इस लक्ष्य तक पहुँचने में बाधक हैं ।

Despite gains from the women's movement and state policy of women empowerment, gender equality is far from achieved. Identify two major challenges that prevent this goal from being reached. *20*

(b) राष्ट्र-निर्माण किस सीमा तक भारतीय समाज में अनेकताओं के दृढ़ीकरण पर निर्भर करता है ?

To what extent does nation building depend on strengthening of pluralities in Indian society ? *20*

(c) नृजातीयता और उप-नृजातीयता से संबंधित मुद्दों को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the issues relating to ethnicity and sub-ethnicity. *10*

Q8. (a) 'सांस्कृतिक पुनरुज्जीवनवाद' से क्या तात्पर्य है ? हाल ही के समय में अभिनयी कलाओं, भाषा प्रसारण तथा कला और शिल्प से कुछ उदाहरण प्रस्तुत कीजिए ।

What is Cultural Revivalism ? Give some examples from performing arts, language dissemination and arts and crafts in recent times. *20*

(b) आपके विचार में, भारतीय समाज में सामाजिक भेदभाव के दो मौलिक अक्ष कौन-से हैं ? क्या वे बदल रहे हैं ?

What, according to you, are the two fundamental axes of social discrimination in Indian society ? Are they changing ? *20*

(c) क्या कारण है कि हमने 'विशेष रूप से दुर्बल जनजातीय समूह (पी.वी.टी.जी.)' नामक जनजातियों की अन्य श्रेणी का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है ? उनको ऐसा क्यों कहा जाता है ?

Why have we started using another category of tribes called the Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs) ? Why are they so called ? *10*